कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट

(दिनांक 26.03.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 एवं धार्मिक त्योहारों को मद्देनजर पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन हेतु श्रीमान् राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्राधिकार में अपराधियों के विरूद्ध दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक स्थाई वारंट, गिरफ्तारी वारंट, 299 सीआरपीसी व पीओ निस्तारण कार्यवाही चार दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व श्री आलोक श्रीवास्तव व जिला पश्चिमी पुलिस उपायुक्त श्री राजेश कुमार यादव के सुपरविजन में तथा वृत सहायक पुलिस आयुक्तगणो के नेतृत्व में सभी पुलिस थाना अधिकारीयों को अपने–अपने हल्का क्षेत्र में अभियान के तहत थाना हाजा विशेष टीम बनाकर सूचना तंत्र विकसित कर वांछित अपराधियों की धड़पकड़ कर स्थाई वारंट, गिरफ्तारी वारंट, 299 सीआरपीसी व पीओ के निस्तारण हेतु अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गए।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में दौराने चार दिवसीय अभियान के अंतर्गत, 62 स्थाई वारंट निस्तारण, 244 गिरफ्तारी वारंट निस्तारण व 299 सीआरपीसी में एक निस्तारण करवाए गए।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय मुक्त पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से चुनाव संपन्न कराए जाने एवं चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने हेतु पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में इसी प्रकार से विशेष अभियान चलाकर वाछिंत अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही अभियान समय–समय पर चलाकर कार्यवाही की जाएगी।

प्रभारी
पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।

26-Mar-24